जागरण

पुलिस ने पकड़े एक क्विंटल नकली रसगुल्ले

Publish Date:Tue, 14 May 2019 11:57 PM (IST)

नकली मावे से तैयार रसगुल्ले की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर करीब एक कुंतल रसगुल्ले बरामद कर लिए।

चन्दौसी: नकली मावे से तैयार रसगुल्ले की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर करीब एक क्विंटल रसगुल्ले बरामद कर लिए। पुलिस ने मय बाइक एक युवक को भी मौके से दबोच लिया। सूचना पर पहुंचे खाद्य सुरक्षाधिकारी द्वारा सैंपल भरकर जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पूछताछ में युवक ने बताया कि सम्भल से रसगुल्ले लाकर अलीगढ़ जा रहा था।

कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड से एक युवक बाइक पर लादकर रसगुल्ले लेकर जा रहा था। वहां पर खड़ी 100 डायल पुलिस ने उसे रसगुल्ले ले जाते हुए देख लिया। पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार को पकड़ लिया। जानकारी करने के बाद बाइक और युवक को पुलिस कोतवाली ले आई। मामले की सूचना खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीके त्रिपाठी को दी गई। जानकारी होते ही वह अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने रसगुल्ले के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि रसगुल्ले नकली प्रतीत हो रहे हैं। जांच के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि सम्भल के थाना नखासा क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर माफी निवासी मुहम्मद इसराईल सम्भल से नकली रसगुल्ले लेकर अलीगढ़ जा रहा था। इसके खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/sambhal-city-the-police-caught-a-duplicate-rosogool-19222811.html